राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति की अगवानी की

जयपुर, 23 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के जयपुर पहुंचने पर सोमवार को सांगानेर एयरपोर्ट पर उनकी भावभीनी अगवानी की।

———

## राज्यपाल की विजयादशमी पर बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर, 23 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विजयादशमी (24 अक्टूबर) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह त्योंहार मनुष्य को अपने अंदर की बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने इस पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात् करते हुए समाज में समरसता और भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया है।

—————